समाचार–प्रकाशनार्थ :–

# मा0 मुख्यमंत्री के प्रस्तावित रतलाम आगमन को लेकर कलेक्टर श्री डाड ने ली निगम अधिकारियों की बैठक

रतलाम 27 जनवरी । माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह जी चौहान के प्रस्तावित रतलाम प्रवास के कार्यक्रम के संबंध में कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड ने निगम आयुक्त के साथ निगम अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

**आयोजित बैठक में श्री डाड ने माननीय मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों को लेकर निगम आयुक्त श्री झारिया व निगम अधिकारियों से चर्चा की साथ ही मा0 मुख्यमंत्री जी के आने जाने वाले मार्गो की साफ–सफाई, मरम्मत कार्य, सुरक्षा कार्य सहित अन्य व्यवस्थाओं के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।**

**इसके अलावा मुख्य कार्यक्रम स्थल डोसीगांव में सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक पांडाल सहित अन्य व्यवस्थाऐं करवाये जाने के निर्देश कलेक्टर एवं प्रशासक श्री डाड ने बैठक में दिये।**

आयोजित बैठक में उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, प्र0 कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, श्री जी0के0 जायसवाल, प्रभारी सहायक यंत्री श्री एम.के. जैन, प्रभारी जलप्रदाय श्री सत्यप्रकाश आचार्य, स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, निगम सचिव श्री जसवन्त जोशी, कार्यालय अधीक्षक श्री रामचन्द्र शर्मा, समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी श्रीमती आयुषी पालीवाल, प्रभारी पेंशन श्री जगदीश पांचाल, उपयंत्री सर्वश्री सुहास पंडित, राजेश पाटीदार, सिद्धार्थ सोनी, अनिता ठाकुर, सिटी मैनेजर श्री कपिल मारोठिया, श्री नितिन तिवारी, स्टेनोग्राफर श्री प्रमोद तिवारी, सहायक राजस्व निरीक्षक श्री अंजनीप्रसाद मिश्रा, सामुदायिक संगठिकाऐं आदि उपस्थित थे।

## ***नागरिक गंदगी से नफरत करना सीखे , तभी स्वच्छ और सुंदर होगा शहर***

*स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 के तहत गांधी नगर में भव्य जागरुकता कार्यक्रम संपन्न, आधा दर्जन प्रतियोगिताओं में महिलाओं और बालिकाओं ने बताए रतलाम को स्वच्छ और सुंदर बनाने के तरीके*

**रतलाम 28 जनवरी । शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की जिम्मेदारी क्या सिर्फ सफाई संरक्षकों की ही है। इस काम में हर नागरिक विशेषकर युवाओं को बढ़चढ़ कर भागीदारी निभाना चाहिए। आज हमारे पड़ोसी शहर इन्दौर को चार बार देश में सबसे स्वच्छ शहर का सम्मान मिला है तो उसमें वहां के नागरिकों की भी भागीदारी है। हमारे सफाई संरक्षक दिन–रात शहर की स्वच्छता को लेकर तत्परता से काम कर रहे है, मगर जनभागीदारी के अभाव में शहर में स्वच्छता के प्रयास आज भी अधूरे है। जब तक नागरिक गंदगी से नफरत करना नही सीखेगे, तब तक यहां स्वच्छता की बात कल्पना ही मानी जाएगी। ऐसे में हमे स्वच्छ सर्वेक्षण में बढ़चढ़ कर भागीदारी निभाना चाहिए। हमारा स्कूल, हमारा मोहल्ला, हमारी सडक और हमारा शहर स्वच्छ और सुंदर बनेगा तो हर नागरिक स्वस्थ्य भी रहेगा। आज हम सभी ये संकल्प ले कि हम अपने–अपने क्षेत्र को साफ सुधरा रखने का प्रयास करेगे और इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित करेगे। ताकि रतलाम नगर स्वच्छता की दौड़ में देश में प्रथम स्थान पर आए।**

**स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत शहर के गांधी नगर स्थित आम्बेडकर हाल में आयोजित भाषण, प्रश्नोतरी,चित्रकला, मेंहदी, रांगोली सहित आधा दर्जन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। जिसमें महिलाओं और बालिकाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हुए शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के तरीकों को समझाया है।**

**नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह के निर्देश और महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना क्रमांक एक की वरिष्ठ पर्यवेक्षक श्रीमती वनिता सिंधु के मार्ग दर्शन में आयोजित इन प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रस्तुति देने वाली बालिकाओं स्वच्छता निरीक्षक पर्वत हाड़े, क्षेत्रीय नागरिक हितेश पैमाल आदि ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।**

**इस मौके पर पर्वत हाड़े व वनिता सिंधु ने स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यो का विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करते हुए**

**ये रहे परीणाम**

**प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता –इस प्रतियोगिता में 25 से अधिक बालिकाओं ने हिस्सा लिया। इनमें बेहतर जवाब देने वाली बालिकाओं में रीमा, तनुश्री, खुशी कीर और नताशा को सम्मानित किया गया।**

**चित्रकला प्रतियोगिता में भी 75 से अधिक बालिकाओं ने हिस्सा लिया। जिसमें प्रथम पुरुस्कार मुस्कान मालवीय, दूसरा पुरुस्कार पूजा नागरिया, तीसरा पुरुस्कार मेहवीश अली और प्रोत्साहन पुरुस्कार आंकाक्षा मालवीय को दिया गया।**

**रांगोली प्रतियोगिता– इस प्रतियोगिता में 60 से अधिक महिलाओं व बालिकाओं ने हिस्सा लिया। जिनमें प्रथम श्रृति खंडकर, दूसरे स्थान पर गैलेक्सी टाटावत और तीसरे स्थान पर अभिलाषा डिडोर रही। प्रोत्साहन पुरुस्कार तनुश्री राठोर को दिया गया।**

**ये रहे निर्णायक– चित्रकला प्रतियोगिता के निर्णायक के रुप में यहां सोनू आकोदिया, आशा पुरी, निलाफर मौजूद रही। इसी तरह भाषण प्रतियोगिता का निर्णय श्रीमती वनिता सिंधु, अनिल पांचाल और पर्वत हाड़े दिया। रांगोली प्रतियोगिता के निर्णायकगणों में संजिदा अली, पुष्पा भट्ट और निर्मला वर्मा शामिल रही।**

## *गांधी निर्वाण दिवस पर पशु वध करना, मटन विक्रय प्रतिबंधित*

रतलाम 28 जनवरी । मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार 30 जनवरी गांधी निर्वाण दिवस पर नगर सीमा में स्थित समस्त पशु वध गृह एवं मांस विक्रय की दुकानों पर पशुवध करना, मटन, गौशत विक्रय करना अथवा बेचना निषेध किया गया है।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने संबंधित स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि उक्त दिवसों को पशु वध करते या मटन गौश्त विक्रय करते पाया जाये तो संबंधित के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाये।

# गंदगी करने पर 18 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम 28 जनवरी । नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां–वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने

की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत्त् निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी करने पर हेमन्त दो बत्ती पर 500, नेशनल इलेक्ट्रीक चमारिया नाका पर 250, कमल, सुनील महू रोड बस स्टैण्ड, राठौर रेस्टोरेंट त्रिपोलिया गेट, विष्णु कसेरा, मुनव्वर बी चांदनी चौक पर 100–100, बबलू त्रिपोलिया गेट, नानीबाई, इमरान, साजिद, हेमराज, विरेन्द्र, आफताब, सोनू, मोहनलाल, भेरू व जितेन्द्र चांदनी चौक पर 50–50 रूपये का स्पॉट फाईन किया गया।

जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी श्री किरण चौहान व श्री पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक श्री विनय चौहान आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# नशा मुक्ति पर विद्यार्थियों ने उकेरे चित्र

## विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

## महिला सुरक्षा पर आज होगी चित्रकला प्रतियोगिता

रतलाम 28 जनवरी । नशामुक्ति ओर स्वछता अभियान अंतर्गत नगर पालिक निगम द्वारा जन जागरूकता ओर शहर की प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर तीन दिवसीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जा रहा है।

निगम द्वारा प्रथम स्थान पर 3100 द्वितीय स्थान पर 2100 ओर तृतीय स्थान पर 1100 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा और सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिये जायेंगे। 27 जनवरी को नशामुक्त भारत विषय से प्रतियोगिता की शुरआत की गई इस दिन शहर के 33 स्कूल और कॉलेज विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया।प्रतियोगिता आयोजन स्थल शहरी आजीविका केंद्र पर नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, उपायुक्त नगर पालिक निगम रतलाम व परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण श्री निशीकान्त शुक्ला, उपायुक्त श्री विकास सोलंकी,सिटी मैनेजर श्री नितिन तिवारी ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण ओर दीप प्रज्वलन कर प्रतियोगता की शुरआत की।

शहरी आजीविका केंद्र प्रबंधक नवोदित बैरागी ने बताया कि प्रतियोगिता के दूसरे दिन स्वच्छ रतलाम ,स्वछता रतलाम विषय पर 38 प्रतिभागियों ने अपने विचारों और जागरूकता संदेशों को चित्रित किया। 29 जनवरी शुक्रवार को महिला सुरक्षा विषय पर चित्रकला आयोजित की जाएगी। संपर्कः–07412357010,8815022604 प्रतियोगिता स्थलः–शहरी आजीविका केंद्र सिविक सेंटर शास्त्री नगर रतलाम

## निगम द्वारा युद्ध स्तर पर किये जा रहे है लीकेज दुरस्त

### *98 दिनों में 133 वॉल्व व 661 पाईप लीकेज दुरस्ती का कार्य पूर्ण*

रतलाम 28 जनवरी । शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को निरंतर बनाये रखने तथा जलप्रदाय व्यवस्था को ओर अधिक सुदृढ़ बनाये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार पाईप लाईन व वॉल्व लीकेज दुरस्त करने का कार्य जलप्रदाय

विभाग द्वारा 23 अक्टूबर से प्रारंभ किया गया जिसके तहत 28 जनवरी तक 133 वॉल्व व 661 पाईप लाईन लीकेजों को दुरस्त किया जा चुका है।

''रतलाम जलशक्ति अभियान'' व्हाट्स एप ग्रुप में लीकेज की समस्या को अपलोड किया जा रहा है तथा अपलोड़ की गई लीकेज संबंधी समस्या का तत्काल निराकरण करवाया जा रहा है जिसके तहत 28 जनवरी गुरूवार को राजेन्द्र नगर राज ठेलावाला की गली, त्रिवेणी मुक्तिधाम रोड, नेहरू नगर, गणेश नगर, कस्तुरबा नगर सक्सेनाजी के घर के सामने, मंगलमूर्ति कालोनी, जय भारत नगर, शास्त्री नगर मण्डी गेट, शास्त्री नगर डॉ0 चौपड़ा के सामने, डोसीगांव, चांदनी चौक में पाईप लाईन लीकेज दुरस्ती के साथ हाट की चौकी हनुमान मंदिर के पास, जावरा रोड बस स्टैण्ड, शैरानीपुरा तलैया व थावरिया बाजार लम्बी गली में वॉल्व लीकेज दुरस्ती का कार्य करवाया गया।

उक्त कार्यवाही कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, जलप्रदाय विभाग प्रभारी श्री सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री श्री सुहास पंडित, श्री भैयालाल चौधरी के अलावा श्री नीरज यादव, श्री मोहन आदि के निर्देशन में की गई।

## *स्वच्छंद विचरण करने वाले 593 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा*

रतलाम 28 जनवरी । रतलाम नगर को साफ–स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है जिसके तहत 12 अक्टूबर से 28 जनवरी तक 593 मवेशियों को पकड़कर जिले की गौशालाओं में भेजा गया।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 13 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 28 जनवरी तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 593 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 28 जनवरी को दीनदयाल नगर से 2 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गये।

शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़को चौराहो को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलो को अभियान चलाकर तोड़ा जायेगा इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है। शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित है, ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़ो का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है वे स्वंय अपने तबेले एवं बाड़े नहीं तोड़ते है तो निगम द्वारा उन्हे तोड़ा जाकर राशि वसूल की जायेगी।

नगर निगम एक्ट की धारा 358 के तहत कोई भी व्यक्ति जो कि अपना घोड़ा या अन्य किसी भी पशु को अपनी इच्छा से खुला छोडेगा व उससे किसी व्यक्ति या संपत्ति को नुकसान पंहूचता है तो पालक पर 500 रूपये का अर्थदण्ड किये जाने का प्रावधान हैं। निगम एक्ट के तहत अब स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशी पालकों के घर जाकर निगम दस्ता अर्थदण्ड राशि रूपये 500/– वसूल करेगा

स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए0पी0 सिंह, झोन प्रभारी श्री किरण चौहान, श्री पर्वत हाड़े व स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा की गई।

## *तिरूपति नगर में आज लगेगा निगम का बकाया वसूली शिविर*

*नागरिकों ने 8,39,000/– संपत्तिकर व 1,83,735/– जलकर जमा कराया*

रतलाम 28 जनवरी । नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधीत करों को जमा कराने हेतु वार्ड वार बकाया वसूली शिविर 18 जनवरी से आयोजित किये गये है जो 27 मार्च तक चलेंगे।

आयोजित शिविरों में नागरिक नगर निगम की बकाया संपत्तिकरण, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लायसेंस शुल्क एवं विकास शाखा से संबंधित भवन की किश्त तथा भू–भाटक की बकाया राशि जमा करा सकेगें।

निगम द्वारा आयोजित शिविरों में नागरिकों ने उत्साह दिखाते हुए गांधीनगर शिविर में संपत्तिकर 1,10,000/– व जलकर 6,000/–, मालवा नगर लक्ष्मणपुरा शिविर में संपत्तिकर 1,40,000/– व जलकर 55,775/–, अम्बे माता जवाहर नगर शिविर में संपत्तिकर 2,38,000/– व जलकर 49,010/–, विनोबा नगर शिविर में संपत्तिकर 1,29,000/– व जलकर 43,670/–, अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल शिविर में संपत्तिकर 1,22000/– व जलकर 29,280/– की राशि जमा कराई। इस तरह नागरिकों ने अब तक आयोजित शिविरों में 8,39,000/– संपत्तिकर व 1,83,735/– जलकर की राशि जमा कराई।

वार्ड वार आयोजित किये गये वसूली शिविरो के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 9 व 10 के लिये 29 जनवरी को तिरूपति नगर, वार्ड क्रमांक 8 के लिये 30 जनवरी को कोमल नगर, वार्ड क्रमांक 9 व 10 के लिये 01 फरवरी को मार्निंग स्टार स्कूल, वार्ड क्रमांक 9 व 10 के लिये 2 से 3 फरवरी तक कस्तुरबा नगर सारस्वतजी के मकान के सामने, वार्ड क्रमांक 9 व 10 के लिये 4 फरवरी को प्रियदर्शनी नगर, वार्ड क्रमांक 11 व 12 के लिये 5 से 6 फरवरी तक को डोंगरे नगर, वार्ड क्रमांक 46, 47 व 48 के लिये 8 फरवरी को हाट रोड माताजी का मंदिर, वार्ड क्रमांक 11 व 12 के लिये 09 फरवरी को कलीमी कालोनी, वार्ड क्रमांक 18 के लिये 3 से 10 फरवरी को राजेन्द्र नगर में कार्यालयीन समय में शिविर आयोजित किये गये है।

निगम द्वारा जारी अपील में नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि निगम द्वारा उक्त शिविर बकायादारों की सुविधा के लिए आयोजित किये गये है इन आयोजित शिविरों में बकायादार अपनी बकाया राशि जमा कर निगम को सहयोग प्रदान करें।

## *दिव्यांगजन युडीआईडी प्रमाण पत्र हेतु दस्तावेज जमा करावें*

रतलाम 28 जनवरी । समस्त श्रेणी के दिव्यांगजन यु.डी.आई.डी. प्रमाण–पत्र बनवाने हेतु नगर निगम विकास शाखा स्थित पेंशन शाखा में आवश्यक दस्तावेज पासपोर्ट साईज फोटो, राशन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, समग्र आई.डी., निःशक्त प्रमाण–पत्र, मोबाईल नम्बर तत्काल कार्यालयीन समय में जमा करावें ।

## *गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्कीकरण की दी समझाईश स्वच्छता के लिये नगारिक दे रहे हैं फीडबैक*

रतलाम 28 जनवरी । निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा दिये गये निर्देशानुसार नगर के समस्त घरों, दुकानों आदि से 100 प्रतिशत गीला एवं सूखा कचरा पृथक–पृथक संग्रहित किये जाने हेतु नगर निगम की सहयोगी संस्था टीम आस्था के सदस्यों द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को स्वच्छता बनाये रखने गीला व सूखा कचरा पृथक–पृथक रखने की समझाईश दी जा रही है।

नगर निगम की सहयोगी संस्था टीम डिवाईन के सदस्यों द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्कीकरण हेतु घरों एवं दुकानों में पृथक–पृथक कचरा पात्र रखकर पृथक–पृथक कचरा एकत्रिकरण व गीले एवं सूखे कचरे को निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक–पृथक भागों में डालने की समझाईश दी साथ ही नागरिकों से स्वच्छता हेतु स्वच्छता एप पर सिटीजन फीडबैक लिया।

## *सफाई संबंधी शिकायत दर्ज कराने हेतु नागरिक स्वच्छता एप का उपयोग करें*

रतलाम 28 जनवरी । रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर 1 बनाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई संबंधी शिकायत दर्ज कराने के लिये भारत सरकार द्वारा तैयार किये गये स्वच्छता एप की जानकारी निगमकर्मियों व नगर निगम की सहयोगी संस्था आस्था के सदस्यों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नागरिकों को दी।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत किये जा रहे स्वच्छता सर्वेक्षण–2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर 1 बनाने के लिये रतलाम नगर के नागरिक सफाई संबंधी शिकायत स्वच्छता एप दर्ज कराने के लिये अपने एन्ड्रोयड मोबाईल पर गूगल प्ले स्टोर में जाकर स्वच्छता एप टाईप करें, उसके पश्चात एप को इन्सटाल करें। इन्सटाल करने के बाद एप्लीकेशन ओपन करके अपना मोबाईल नम्बर रजिस्टर्ड करें। इसके बाद अपना जीपीएस ऑन करें इसके बाद आपकी सफाई संबंधी शिकायत का फोटो लेकर अपलोड करें। अपलोड की गई शिकायत नगर निगम के पास आयेगी ओर उसका तत्काल निराकरण किया जायेगा।

## कचरा पृथक्कीकरण हेतु नागरिक एवं दुकानदरों को रखना होंगे 4 डस्टबीन

### खुले में कचरा डालने व गंदगी करने वालो पर सीसीटीवी से रखी जा रही है निगरानी

### अतिक्रमण व गंदगी करने पर होगा जुर्माना

**रतलाम 28 जनवरी । नगरीय क्षेत्र रतलाम के दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के तहत कचरा पृथक्कीकरण हेतु 4 डस्टबीन नहीं रख रहे है व दुकानों के सामने गंदगी व अतिक्रमण कर रहे उन पर निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा जुर्माने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।**

**नगरीय क्षेत्र रतलाम के दुकानदार अपनी दुकानों में गीले कचरे अर्थात कीचन में बनी हुई खाद्य सामग्री, फल–सब्जी के छिलके, घांस व पेड़ की पत्तियां, राख, चाय पत्ती, बचा हुआ खाना आदि के लिये हरा डस्टबीन, सूखा कचरा अर्थात पुस्टा, अखबार, लोहा, कपड़ा, शाल, कांच, पैकिंग मटेरियल, टुटे खिलौने, प्लास्टिक आदि के लिये नीला डस्टबीन, घरेलू हानिकार कचरे के लिये पेन्ट के डिब्बे, पेस्टीसाइड के डिब्बे, सीएफएल, ट्यूबलाईट, थर्मामीटर, बैटरी आदि के लिये काला डस्टबीन तथा मेडिकल वेस्ट अर्थात् सेनेटरी नेपकीन, डायपर, सुई, सिंरिज, मास्क, ग्लब्स, पीपीई कीट आदि के लिये पीला डस्टबीन रखकर अपने घरों एवं दुकानों तथा प्रतिश्ठानों में ही कचरे का पृथक्कीकरण कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक–पृथक भागों में डालकर कचरा पृथक्कीकरण कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें। जो नागरिक या दुकानदार उक्तानुसार कचरे का पृथक्कीकरण नहीं करेगा व खुले में कचरा डालने वालो उन पर जुर्माने की कार्यवाही की जावेगी।**

**नागरिक एवं दुकानदार खुले में कचरा डालेंगे तो उन पर भी नगर निगम अमले द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी। नगर के विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से खुले में कचरा डालने व गंदगी करने वालों पर कन्ट्रोल रूम पर निगरानी रखी जा रही है। नगर निगम की टीम संबंधित के घर एवं दुकानों पर जाकर 5000–5000 हजार का जुर्माना करेगी।**

**समाचार / ज.सं.वि. / हेमन्त / 28.01.2021 / न.पा.निगम, रतलाम.**